MPHIN/2009/34626

यशोन्नति



मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 122 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 18 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सदर का पले स की दुकाने खाली कराने पार्षदों ने की मांग

नपा की करोड़ो की दुकाने कौड़ियो लेकर दुकानदार कर रहे मनमानी
पार्षदों ने कहा इन्हें अबैध कब्जाधारी घोषित कर दुकाने करायी जाये खाली

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका आर्थिक रूप से कंगाल हो चुकी है विकास कार्यो के लिये उसके पास कोई राशि नहीं है जबकि पालिका संपत्ति के मामले में भरी पूरी है परंतु पालिका में अनेक वर्षो से लगी भ्रष्टाचार की दीमक नगर पालिका के आर्थिक आमदानी के स्त्रोतो को चाट रही है । नगर पालिका परिषद अपनी संपत्ति के राजस्व की वसूली यदि ईमानदारी से कर ले तो मालामाल हो सकती है परंतु पालिका के आर्थिक पक्ष को मजबूत करने की ईमानदार पहल हो जाना चाहिये । सिवनी नगर पालिका परिषद के बुधवारी बाजार सदर का पले स की दुकानों की नीलामी एवं किरायेदारों को दी गयी मनमानी सुविधा किराये में रियायत आदि ऐसे पहलू है जो स्पष्ट करते है कि यह पालिका और किरायेदार के बीच हुये करारों का उल्लंघन है और इससे पालिका को भारी आर्थिक क्षति हो रही है ।

इस आशय की बात सिवनी नगर पालिका परिषद के विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश राजू यादव, अशोक वार्ड के पार्षद विजय गोलू पंडित, रविशंकर भांगरे, श्रीमती गोविंदी सैयाम, श्रीमती अनुसुईया पटवा ने सिवनी नगर पालिका परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे पच् में कही है उन्होंने कहा है कि नगर पालिका परिषद के बुधवारी बाजार स्थित सदर का मले स के दुकानदारों के करारनामें के अनुसार किराया वसूली और शर्तो के अनुसार करारनामा का नवीनीकरण नहीं कराने वाले व्यापारियों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ।

पार्षदों का कहना है कि सिवनी बुधवारी बाजार के सदर का पले स में निर्मित 49 दुकाने वर्ष 2007 में परिषद के आर्थिक हितो को नजरांदाज करते हुये पहले आओ पहले पाओ के तहत दे दी गयी थी यदि इन दुकानों की खुली नीलामी होती तो दुकाने लाखों रूपये में जाती परंतु इन दुकानों को कोड़ियों के भाव मात्र पचास हजार रूपये जमा कराकर नाममात्र के किराये पर दुकाने दे दी गयी थी और उस समय जो करार हुये था उस करार के हिसाब से करारनामे का हर पैतीस माह में नवीनीकरण और किराया वृद्धि 25 प्रतिशत होना था जो आज तक नहीं हुआ नाममात्र किराया उस समय 12 हजार 346 रूपये वार्षिक निर्धारित हुआ था जो आज तक चल रहा है । पार्षदों का कहना है कि कौडियों के भाव दुकाने लेने वाले दुकानदारों ने आज तक करारनामें का नवीनीकरण नहीं कराया और न ही किराया वृद्धि की शर्तो का पालन किया अतः इन सभी दुकानदारों को अवैध कब्जाधारी घोषित कर दुकाने खाली कराकर दुकानो को नये सिरे से खुली बोली के आधार पर नीलाम किया जाये और नये करारनामे कर किराये निर्धारित किया जाये ।

पार्षदों ने मु य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे अपने पत्र में कहा है कि बुधवारी बाजार के सदर का पले स में कौडियों के भाव हाथ लगी दुकानदारों ने पालिका की इस संपत्ति का बेजा दुरूपयोग किया है और दुकानों में मनमाना विस्तार कर लिया है। दुकानों को डबल स्टोरी बना लिया है । एक दुकानदार ने परिषद के द्वारा बनाये गये सार्वजनिक पेशाबघर में कब्जा कर लिया हे । पार्षदों ने परिषद की संपत्ति पर मनमाना कब्जा करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है ।



सकल हिन्दु समाज आज अयोध्याजी भेंजेगा 300 क्विंटल चाँवल

सिवनी यशो :- सिवनी जिला राईस मिल एसोसिएसन एवं सकल हिन्दु समाज द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर 300 क्विंटल एच एम टी चांवल सहयोग किये जाने का संकल्प है । सकल हिन्दु समाज की ओर से संघ परिवार द्वारा अयोध्या भेजी जा रही इस भेंट को आज 18 जनवरी गुरूवार को प्रातः 10 बजे मठ मंदिर से संघ परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारी गण रवाना करेंगे ।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सिवनी जिले के राईस मिलर्स एवं सकल हिन्दु समाज द्वारा यह भेंट प्रदान की गयी है जिसे बाजे गाजे के साथ अयोध्या के लिये रवाना किया जाना है । अयोध्या जाने वाली इस भेंट के ट्रक को धर्म ध्वज के साथ शोभा यात्रा के रूप में रवाना किया जायेगा ।

संघ परिवार ने सनातन समाज से प्रातः 10:00 बजे के पूर्व छिंदवाड़ा चौक में एकत्रित होने का आग्रह किया है। मठ मंदिर से बाजे गाजे के साथ भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के लिये चांवल के ट्रक को रवाना करेंगे । यह चांवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के भव्य आयोजन में भंडारा प्रसादी के लिये उपयोग होगा और सिवनी जिले का सहयोग अंकित होगा जो हमारे जिले के लिये सौभाग्य का विषय है ।

अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने भाजपा नेता संयोग कोचर का आहवान

सिवनी यशोः-पूरे देश में जहां वर्षो के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण को लेकर उत्साह नजर आ रहा है, वहीं बालाघाटव सिवनी

घर घर में जलाएं दीपक, जय श्रीराम नाम के एक लाख दीपक का कसेंगे वितरण :मठ मन्दिर तालाब में दीपदान

जिले में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपोत्सव की तरह मनाने के लिये बालाघाट -सिवनी के जुझारु भाजपा नेता बड़े जनसेवक, गरीबों के मसीहा संयोग कोचर खासे उत्साहित हैं और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को बालाघाट में भी अयोध्या की तरह शहर को रोशन करने के लिये लालायित नजर आ रहे हैं।

भाजपा नेता संयोग कोचर ने जिले की जनता से आहवान किया कि 22 जनवरी के दिन भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन को दीपावली की तरह ही मनाया जाना चाहिये। श्रीराम के देश में राम मंदिर के लिये सैकड़ों सालों की लड़ाई लड़ने के बाद यह अवसर देशवासियों को मिल रहा है, ऐसे में राम मंदिर निर्माण के दिन घर घर में दीपक की रोशनी की जानी चाहिये। इसी के साथ साथ घरों में रौशनी, लाईटिंग के साथ बालाघाट शहर को इस तरह से सज धज कर तैयार किया जाना चाहिये, मानो ऐसा प्रतीत हो कि पूरा अयोध्या बालाघाट में उतर आया हो।

हांलाकि संयोग कोचर ने पुरे देश में दीपावली उत्सव इस दिन मनाने का आहवान किया है, वहीं संयोग कोचर ने कहा कि वे उनकी ओर से जय श्री राम नाम के एक लाख दीपक का वितरण करेंगे और आवश्यकता अनुसार दीपक की सं या और बढ़ायेंगे, लेकिन उनका प्रयास होगा कि बालाघाट शहर में राम भक्ति का भारी जोश 22 जनवरी को नजर आये।

सयोग कोचर ने बताया इस अवसर पर आगामी 21 जनवरी की रात सिद्ध धाम मठ मन्दिर के तालाब में उनके सौजन्य से राम भक्त, काली पाट सेना व सभी हिन्दु नागरिक 10 हजार दीपक प्रज्वलित कर भगवान राम लला के भव्य मन्दिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का स्वागत अभिनंदन करेंगे

प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिये मंदिरों भाजपा कर रही सफाई

नगर के पाँच मंदिरों एवं बैनगंगा घाट तथा मुंडारा में भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रारंभ किया अ ियान

सिवनी यशो :- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी के तहत 14 जनवरी से प्रतिदिन भाजपा का देव स्थान सफाई अभियान जारी है । इस अभियान के तहत बुधवार 17 जनवरी को भाजपा नगर उत्तर मंडल के मंदिरों एवं पवित्र बैनगंगा नदी के तट लखनवाड़ा तथा बैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ मंदिरों की सफाई धुलाई एवं बैनगंगा के तटो पर स्वच्छता का व्यापक अभियान प्रारंभ किया ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिती में नगर भाजपा उत्तर मंडल के सोमवारी चौक स्थित काल भैरव मंदिर, शिव मंदिर, राम मंदिर, काली मंदिर महामाया मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर भैरोगंज में सफाई कार्य कर मंदिरों की धुलाई की गयी । मंदिरों की सफाई कार्य के दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी भाजपा उत्तर मंडल में अध्यक्ष संजय सोनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, संजय खंडाईत, कपिल पांडे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शुभम राजपूत, विनोद सोनी, अनूप मिश्रा, ज्योति राजपूत, सूर्यपाल बघेल, भुनेश कुल्हारे, निरंजन मिश्रा, स्थानीय पार्षद रवि शंकर भांगरे, रामकुमारी बरमैया, मनीष राय, जय श्रीवास्तव, मनोज नामदेव अनिल पटवा सहित नगर पालिका परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे ।

इसी प्राकर बैनगंगा घाट लखनवाड़ा में सफाई के दौरान भाजपा मंडल लखनवाड़ा के अध्यक्ष अनिल बघेल एवं मंडल के कार्यकर्त्ता, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अटल बघेल एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे । बैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में सफाई के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ भाजपा मंडल के कार्यकर्त्ता और जिला पदाधिकारी सहित पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल सहारे, जनपद सदस्य रवि आदि की उपस्थिती रही । भाजपा जिला अध्यक्ष ने सफाई के दोरान कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले है । भारतीय जनता पार्टी इस अवसर को पूरे देश में भर में देव स्थानों की सफाई कर देव स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बना कर 22 जनवरी को आम जनत के साथ भव्यता के साथ उत्सव मनाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । मंदिरों की साफ सफाई के साथ ग्रामों में स्वाच्छता के कार्यक्रम ग्रामीण जन चलाकर उत्साह के साथ अपने अपने परिवेश को सजाने में जुटे हुये है और भगवान राम की पुर्नप्राण प्रतिष्ठा को दीपावली मनाने का मन बना चुके है ।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा, जैतपुर में श्रीमद भागवत कथा

सिवनी यशोः- अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी से जैतपुर कलाँ में देवी मंदिर प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है । यह अमृतमयी भागवत कथा 22 जनवरी से प्रारंभ होकर 28 जनवरी तक बाल व्यास पंडित प्रेमकृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से प्रवाहित होगी ।

जैतपुर कलाँ के ग्रामीण द्वारा आयोजित भागवत कथा प्रभु श्रीराम की अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है । भगवान बाकेबिहारी एवं ब्र हलीन जगदगुरू शंकराचार्य जी महाराज की कृपा से रस सिद्ध ब्र हमंडली के आदि व्यास आचार्य प्रवर परम पूज्य स्व. पं. रामसेवक शास्त्री के पौत्र बालव्यास कथा प्रबोधकार पंडित प्रेमकृष्ण पुरूषोत्तम तिवारी की मधुर वाणी से श्रीमद भागवत महापुराण का यह आयोजन भक्ति की गंगा बहाने वाला है कथा 22 जनवरी से दोपहर 1:30 बजे प्रारंभ होगी इस आनंद और भक्ति के सागर में आयोजको ने सभी धर्मानुरागियों से उपस्थिती की आग्रह किया है ।

कॉलरवाली बाघिन की द्वतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

छपारा यशोः- मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने में महत्ती भूमिका निर्वहित करने वाली कॉलरवाली बाघिन की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि आई टी आई कॉलेज छपारा के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने संस्था परिसर बनाई गई कॉलरवाली बाघिन की वॉल पैंटिंग के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु संकल्पित होने का आग्रह करते हुए परीक्षा प्रभारी सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रत्येक वन्य प्राणियों का अस्तित्व मानव जीवन के लिए नितान्त आवश्यक है । इस अवसर पर अमित शर्मा,राकेश तिवारी,हर्ष सोनी, रंजना गुप्ता, संजय उईके, नीरज,राजकुमार सोयम, प्रतिभा सोनी ,पी डी नापित व बड़ी सं या में छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे विदित हो कि पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी में इस मादा बाघ को सुपर मॉम के नाम से जाना जाता है। इस सुपर मॉम के नाम सर्वाधिक प्रसव व शावकों के जन्म का विश्व रिकॉर्ड है। 2008 में देहरादून की विशेषज्ञ समिति द्वारा इसे एक रेडियो कॉलर पहनाई गई थी तबसे इसका नाम कॉलर वाली बाघिन पड़ गया । कॉलर वाली बाघिन की मृत्यु पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व तत्कालीन मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हस्तियो ने श्रद्धाजंलि अर्पित की थी।

साय लोन के सफल आयोजन के लिये जिला कले टर ने दिये निर्देश

सिवनी यशोः - स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सायकल रैली का आयोजन आगामी 03 फरवरी को मिशन स्कूल ग्राउंड सिवनी में प्रातः 8:30 बजे किया जायेगा । इस आयोजन की सफलता के लिये सिवनी जिला कले टर क्षितिज सिंघल ने सायकल ऑन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में संबंधित विभागो के अधिकारियों के साथ कले ट्रेड सभा कक्ष में मंगलवार 16 जनवरी को एक बैठक की एवं सायकल रैली की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे को नोडल अधिकारी तथा श्रीमती मनु धुर्वे संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सिवनी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कले ट्रेड में संपन्न बैठक के पश्चात सायकल रैली के नोडल अधिकारी श्री धुर्वे ने नगर के समस्त शासकीय आशकीय शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों को सायकल ऑन रैली में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं के पंजीयन के लिये निर्देश जारी किये है । कले ट्रेड सभा कक्ष में सायकल ऑन समिति एवं संबंधित अधिकारियों की संपन्न बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के उद्देश्य से आयोजित सायकल रैली के आयोजन की जिला कले टर ने सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का व्यापक संदेश देने की पहल लगातार 09 वर्षो से की जा रही है जो सराहनीय है । इस आयोजन की सफलता के लिये प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

जिला कले टर के साथ संपन्न इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी , तहसीलदार सिवनी, जिला शिक्षा अधिकारी,खेल कूद अधिकारी, मु य नगर पालिका अधिकारी तथा जन अभियान परिषद अधिकारी सौरभ शु ला तथा सायकल ऑन समिति की ओर से संतोष अग्रवाल, कपिल पांडे अखिलेश पांडे, संजय मंडल, प्रवेश बाबू भालोटिया उपस्थित रहे ।

पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने की कार्यालय परिसर स्थित मंदिर एवं परिसर की साफ-सफाई

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार जिले में धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों की साफ-सफाई एवं रंग-रोशन की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में पीएचई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर स्थित मंदिर एवं परिसर की साफ-सफाई की गई।

जबरन नॉलेज

नगर परिषद द्वारा धार्मिक स्थलों की गई साफ सफाई

छपारा यशोः- छपारा नगर परिषद द्वारा छपारा के पूरे मंदिरों की साफ सफाई की जा रही है जिसके तहत खैरमाई मंदिर में भी सफाई की गई जिसमें वार्ड पार्षदों एवं नगर परिषद के कमंचारियों साफ सफाई व्यवस्था में शामिल रहे

अमन गुप्ता में ने की खुदखुशी

सिवनी यशोः- विकासखंड कुरई मु यालय से सुकतरा-बादलपार मार्ग पर लगभग 18 किलोमीटर दूर गांव विजयपानी (घाटकोहका) निवासी संपन्न बड़े व्यापारी संजय गुप्ता के लगभग 28 वर्षीय इकलौते पुत्र अमन गुप्ता खुदकुशी कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय गुप्ता जिनका किराना जनरल स्टोर व अन्य बिजनेस है। इनके एक बेटा अमन व एक छोटी बेटी है। परिवार के अधिकांश लोग गोपालगंज में भी निवास करते हैं। अमन मुंबई में आईसीआईसीआई बैंक में जॉब करता था जहां अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार को मुंबई में खुदकुशी कर ली।

दिग्विजयी, विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत बनाने का संकल्प लें - दीपक विस्पुते

विद्या भारती के प्रांतीय समिति समागम ''संकल्प दृष्टि 2024 का समापन''

भोपाल। हमें एक दिग्विजयी भारत, विश्व का नेतृत्व करने वाला सशे त भारत बनाना है। हम इस दिशा में चल पड़े हैं। एक पराक्रमी भारत बनाने के लिए हम अपने आप को तिरोहित कर दें, इस बात का संकल्?प लेकर हम अपने-अपने क्षेत्रों में जाएं। यह आह्वान राष्?ट्रीय स्?वयंसेवक संघ के मध्?य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक श्री दीपक विस्पुते ने रविवार को विद्याभारती के समिति कार्यकर्ताओं से किया। वे शारदा विहार में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय समिति समागम %संकल्प दृष्टि 2024% के समापन सत्र में मु ?य वे ?ता के रूप में उद्बोधन दे रहे थे।

सरस्वती शिशु मंदिर शारदा विहार परिसर के नैमिषारण्य सभागृह में आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल एवं विद्याभारती मध्यभारत प्रांत के प्रथम अध्यक्ष रहे श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के सह संगठन मंत्री श्री यतीन्द्र शर्मा, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर रवीन्द्र कान्हेरे, क्षेत्र संगठन मंत्री श्री भालचंद रावले, प्रांत संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी, प्रांत अध्यक्ष श्री मोहनलाल गुप्त उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में श्री विस्पुते ने कहा कि हमें समय-समय पर अपने कार्य की समीक्षा करते रहना चाहिए। हम केवल शैक्षिक संस्थान नहीं है। हम अपने ध्येय के साथ कार्य कर वैचारिक क्रांति लाने वाले संगठन है। अनगिनत समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ हमनें एक उदात्त लक्ष्य का संकल्प लिया है। ऐसे कितने ही कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अपने विचार के लिये कार्य करने में जीवन को तिरोहित कर दिया। आज अपना भारत एक विशिष्ट स्थिति से गुजर रहा है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष होने पर यह भारत का अमृत काल चल रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर योजना के भी 75 वर्ष आगामी वर्षों में पूरे होने जा रहे है। ऐसे में हमें अपने कार्य का सिंहावलोकन करना चाहिए। हम अपनी 75 वर्ष की पूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं आगे हमें अपने कार्य को और कितना आगे ले जाना है। इसकी योजना करके कार्य विस्तार करना आवश्यक है।

इस देश के लिए लड़ने और मृत्यु प्राप्त करने वाले ऐसे सब महान लोगों का हमनें स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्थान-स्थान पर स्मरण किया है। आगे हमें कैसा भारत बनाना है इसका भी संकल्प लिया है। 1947 का भारत एक गरीब लाचार और बेरोजगारी से जूझ रहा भारत था। दुनिया में हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं था, जब पाकिस्तान की सेना ने कब आक्रमण

किया तब संयु त राष्ट्र संघ में हमारी सुनवाई करने वाला कोई नहीं था। अन्न तक हमकों बाहर से लेना पड़ता था। 1000 वर्ष के आक्रमणों से देश के वैभवशाली स्वरूप को क्षति पहुंची थी। जब तक हम ताकतवर थे तब तक हमने शक्ति के साथ आक्रमणकारियों से संघर्ष किये लेकिन जब लड़ते-लड़ते थक गये तब भी हिन्दू समाज में रक्षात्मक लड़ाई लड़ी। हालांकि इससे कई कुरीतियाँ समाज में आ गई। हम अपने गौरवशाली अतीत को भूल गये। लेकिन भारत अब खड़ा हो गया है। देश में विकास की गति पकड़ी।

75 वर्षों में भारत एक मजबूत राष्ट्र की स्थिति में खड़ा हो गया। हमारे देश के एक सशे त राष्ट्र की प्रतिमा बनी। विश्व के देशों को यदि कोई मार्गदर्शन दे सकता है तो वह भारत है। भारत भी कभी गरीब देश हुआ करता था वह पांचवी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही हम तीसरे स्थान पर पहुँच जायेंगे। भारत की सैन्य शक्ति दुनिया में तीसरी बड़ी शक्ति है। देश की सीमायें सुरक्षित है। कोविड काल में जब पूरी दुनिया त्रस्त थी तब भारत में छोटे-छोटे देशों को दवाईयाँ, अन्न और अन्य सहायता पहुँचाई। भारत का युवा और बेटियाँ आगे बढ़ी और आज विश्वभर में हमारी पहचान है। सामाजिक क्रांति के माध्यम से समाज अपनी विषमताओं को दूर कर रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हमने जिस रूप में स्वीकार किया है वह अमेरिका में भी नहीं है। भारत विश्व की महाशक्ति और विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। किसी प्रकार हमारे संगठनों का क्रमिक विकास भी हुआ है। इसकी मूल में हिन्दुत्व और भारतीयता का विचार है जो सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है। हिन्दुत्व एवं राष्ट्रभक्ति अपनी संगठनों का मूल आधार है। और इससे हमनें कभी समझौता नहीं किया। अपने कार्य एवं ध्येय के प्रति निष्ठा के कारण आज हम इस स्थिति में पहुँचे है। हमारी विचारधारा कभी विभाजित नहीं हुई। हर संगठन में अपने नवीन आयाम स्थापित किए योंकि सबके मन में देश था और हिन्दुत्व व देशभक्ति का सूत्र था। आज समाज में अपनी मान्यता भी खो गई है। उन्होंने कहा कि संघर्ष हम सजग रहते है पर अनुकूलताओं में चूक हो जाती है। इसीलिए विजय के मार्ग पर बढ़ते समय सावधानी आवश्यक है। हमारी एक संस्कृति है उसी से हमारी पहचान होती है। हमारा अनुशासन, सादगी, मित्वयता, प्रमाणिकता हमारी पहचान है। इसीलिए अपने संगठन की संस्?कृति और कार्य बनाये रखना जरूरी है। इसमें संक्रमण रोकने की आवश्यकता है। यह हम सब की भूमिका है। इसी सावधानी के कारण आज हम विश्व के न बर 1 के संगठन है। हर संगठन बढ़ गया है और वह विश्व का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। हम अपनी कार्य की गुणवत्ता के साथ समाज के दीन दुखियों का उद्धार करने का विचार रखें। समाज के प्रति हमारी भूमिका है। भारत की साक्षरता, शिक्षा बढ़नी चाहिए। हमारे विद्यालय के एक क्षेत्र में सभी साक्षर हों ऐसा दृश्य बनाना है। पर्यावरण, समरसता एवं शिक्षा के लिए विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर समाज में कार्य करने की आवश?यकता है। हमारा विद्यालय गुणवत्ता का उदाहरण बनें। इसके लिए प्रयास होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि 1925 में केवल एक संगठन शुरू नहीं हुआ, समाज परिवर्तन के लिए आंदोलन आरंभ हुआ। इसी प्रकार 1952 में गोरखपुर में एक विद्यालय शुरू नहीं हुआ बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन और व्यक्ति निर्माण का आंदोलन आरंभ हुआ था जिसका परिणाम आज समाज के सामने है।

विद्या भारती व्यक्ति निर्माण में विश्वास करती है

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कप्तान सिंह सौलंकी ने कहा कि लोग मुझे कई रूपों में जानते है। लेकिन मेरी मूल वृत्ति एक शिक्षक की रही है। विद्या भारती के माध्?यम से समाज में परिवर्तन लाना है। विद्या भारती किसी प्रकार के संघर्ष, आंदोलन में विश्वास नहीं करता। वह व्यक्ति निर्माण में विश्वास करता है। अब भारत ने करवट ले ली है। सरस्वती शिशु मंदिर ने जो कार्य किया है वह देश में दिखाई दे रहा है। स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर 2047 में जब भारत विश्व गुरू बनेगा तो उसमें सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका भी होगी। एक राष्ट्र, एक जन का जो सपना है उसे पूरा करने में सरस्वती शिशु मंदिर का विशेष योगदान है।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. नीलाभ तिवारी ने किया। आज के इस समापन समारोह में भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रबंधन कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शु ला, राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थी।

पुस्तक एवं पत्रिका का हुआ विमोचन

इस अवसर पर लेखक श्री शिरोमणि दुबे भारतीय शिक्षा की सनातन दृष्टि पुस्तक का विमोचन किया गया। विद्या भारती की वार्षिक पत्रिका प्रज्ञा संदेश का भी विमोचन इस अवसर पर अतिथियों द्वारा किया गया। संकल्प दृष्टि 2024 प्रांतीय समिति समागम का प्रतिवेदन डॉ. राम भावसार ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री मोहनलाल गुप्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर एकल गीत बहिन उपासना राजपूत द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस प्रांतीय समिति समागम में शारदा विहार आवासीय विद्यालय, दीनदयाल कॉलोनी एवं शिवाजी नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा भव्य रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्या भारती के आधारभूत विषयों पर आधारित इस कार्यक्रम में रोप स्कीपिंग, पाइपर बैण्ड, मलखं ब, योगासन एवं स्वच्छता अभियान के ऊपर लघुनाटिका और नृत्य प्रस्तुत किये गये।

180 समितियों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता हुये सम्मिलित

इस तीन दिवसीय आयोजन में 09 विभिन्न सत्रों में विद्यालय के विकास विस्तार और सुदृढ़ीकरण, सामाजिक सरोकार के संकल्प लिये गये। इस समागम में मध्यभारत प्रांत की 180 समितियों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन्हें विद्या भारती के अखिल भारतीय अधिकारियों और देश के वि यात शिक्षाविदों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

सभी प्रकार की सुविधाएँ गरीब तक पहुंचाने की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्रा - डॉ. यादव

मु यमंत्री सतना जिले के पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये

51 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब व्यक्ति के घर-घर तक शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं को पहुंचाने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के विकास में नये-नये कीर्तिमान बनाएगी। मु यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मु यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ

भी वितरित किये।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले के चित्रकूट की इस धरती पर भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान 11 वर्षों तक निवास किया। वनवासियों को गले लगाया और माता शबरी के जूठे बेर खाकर मानवता को धन्य किया। उन्होंने कहा कि यह आचरण केवल सनातन धर्म में ही मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय चित्रकूट, सतना और अयोध्या के लिये अलौकिक और अद्वितीय है। यहां 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला अपनी जन्मभूमि में विराजमान होने वाले हैं और यह पवित्र कार्य देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवसर है कि सभी अपने घरों में 22 जनवरी को दीपावली मनाकर अपने उल्लास और उत्साह को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनायेंगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हितग्राहियों को सांकेतिक रुप से हितलाभ वितरित किये। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कुमारी कासमी और पायल को बचत प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभिलाषा, नीतू और शोभावती को स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में, निशा और हरदीप सिंह को उज्जवला योजना में, सुनीता, प्रतिमा, प्रमिला को निःशुल्क गैस कने शन, आजीविका मिशन में सिद्धबाबा महिला स्व-सहायता समूह और अंबेडकर स्व-सहायता समूह पिण्डरा को सीसीएल के रुप में 5-5 लाख रुपये के चेक तथा सुग्रीव सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर मु यमंत्री डॉ. यादव को कृष्णा पांडेय और क्षेत्रीय किसानों ने हल भेंट किया। मु यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रुप में राम दरबार की प्रतिकृति मूर्ति और महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये चित्र तथा उत्पाद भेंट किये। मु यमंत्री ने बालिकाओं को स्कूल बैग और अन्य उपहार भी वितरित किये। इस अवसर पर मु यमंत्री का नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुश्री सुष्मिता सिंह, पूर्व विधायक श्री शंकरलाल तिवारी के हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने पर स्थानीय लोक नर्तकों ने लोक नृत्य करमा से स्वागत किया।

मु यमंत्री ने किया 51 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

मु यमंत्री डॉ. यादव ने सतना जिले के मझगवां विकासखंड के पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले के लगभग 51 करोड़ रुपए लागत के 38 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें सतना जिले के 28 करोड़ 10 लाख रुपए लागत के 24 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण और 22 करोड़ 74 लाख रुपए लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

राम वन पथ गमन मार्ग के सभी स्थलों का होगा विकास- मु यमंत्री

चित्रकूट का अयोध्या की तरह होगा विकास- मु यमंत्री

भोपाल । चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय सभागार में श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट सहित राम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। इसके लिये पूरी कार्य योजना बनाकर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जायेगा। चित्रकूट का अयोध्या की तरह विकास करके इसे भगवान राम के जीवन से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बनाया जायेगा। विद्वानों के परामर्श से राम वन पथ गमन के प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। चित्रकूट के दीवाली मेले तथा अमावस्या मेले में रामकथा और राम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी एवं राम वन पथ गमन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित करायें। इनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान कामतानाथ के परिक्रमा पथ का निर्माण कार्य षीघ्र शुरू करायें। जिला पर्यटन संवर्धन परिषद को सक्रिय कर चित्रकूट में पर्यटन गतिविधियां संचालित करायें। अमावस्या मेले को पर्यटन कैलेंडर में शामिल किया जायेगा। राम वन पथ गमन से जुड़े निर्माण कार्यों में लोक चेतना को शामिल करें। राम वन पथ गमन के प्रमुख स्थलों में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राम वन पथ गमन मार्ग में मोटर साइकिल रैली जैसे आयोजन करके इससे आमजनता को जोड़ों बैठक में मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के मंदिरों की पुस्तक का विमोचन किया। इसमें 155 प्रमुख मंदिरों के छायाचित्र तथा 6800 राम मंदिरों की जानकारी संकलित है। बैठक में प्रमुख सचिव धर्मस्व तथा संस्कृति शिवशेखर शु ला ने राम वन पथ गमन के लिये तैयार की गई कार्य योजना की जानकारी देते हुये बताया कि प्रदेश में राम वन पथ गमन मार्ग में 1450 किलोमीटर की दूरी शामिल है। इसमें 23 प्रमुख धार्मिक स्थल है। जिनमें सतना, पन्ना, कटनी, अमरकंटक, शहडोल, उमरिया आदि स्थल शामिल हैं। बैठक में धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, डॉ जितेंद्र जामदार, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, अतिरिक्त मु य सचिव गृह एवं धर्मस्व विभाग राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह, आयुक्त नगरीय प्रशासन भरत यादव, संचालक पर्यटन विकास निगम डॉ इलैयाराजा टी, प्रभारी कमिश्नर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेटर सतना अनुराग वर्मा तथा अन्य अधिकारी एवं न्यास के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल माध्यम से मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे। बैठक में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ भरत मिश्रा ने मु यमंत्री डॉ. यादव का शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स मानित किया।

स्वास्थ्य विभाग में 441 विशेषज्ञ, 470 चिकित्सा अधिकारी और 156 दंत चिकित्सकों के पदों पर होगी भर्ती

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार के उप मु यमंत्री राजेंद्र शु ल ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए बैठक की। बैठक में राजेंद्र शु ल ने निर्देश दिये हैं कि स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की अविलंब पूरा करे। स्वीकृत पद के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। उनके अंतिम परिणाम जारी करने के संबंध में विभागीय सामंजस्य के विषयों को प्राथमिकता से निराकृत करें।

उप मु यमंत्री ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति का कार्य कर्मचारी चयन मंडल प्राथमिकता के साथ करें। उप मु यमंत्री ने कहा कि सभी सेवाभाव से कार्य करें` योंकि स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक मेडिकल स्टाफ संपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अहम हैं, प्रदेश की पूरी आबादी से संबंधित हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय सामंजस्य के विषयों में संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से नियमित संपर्क कर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उप मु यमंत्री ने एएनएम के 2576 पद, रेडियोग्राफ़र के 140 पद, लैब टे नीशियन के 265 पद और फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 472 पद कुल 3453 पद के परिणाम कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शीघ्र जारी किए जाने के लिए कहा।

नवीन स्वीकृत पदों की मांग जल्द भेजें

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने नवीन स्वीकृत पदों के संबंध में लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल को शीघ्र मांग प्रेषित करने के निर्देश दिये, जिससे भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि बैकलॉग और नवीन स्वीकृत पद मिलाकर विशेषज्ञ के 441 पद, चिकित्सा अधिकारी के 470 पद और दंत चिकित्सक के 156 पदों पर भर्ती के लिये लोक सेवा आयोग को मांग प्रेषित की जानी है। उप मु यमंत्री ने एनएचएम द्वारा भर्ती किए जाने वाले स्वास्थ्य स्टाफ के पदों, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की नियुक्ति के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये।

नामीबियाई चीता शौर्य का निधन

भोपाल । नामीबियाई चीता शौर्य का आज दोपहर निधन हो गया। सुबह करीब 11 बजे ट्रैकिंग टीम ने शौर्य की लड़खड़ाती चाल देखी। वह कमजोर दिखा। इसके बाद उसे ट्रांकविलाज़र से शांत किया गया। इसके बाद उसे होश आया लेकिन जटिलताएँ उत्पन्न हुई और वह सीपीआर के बावजूद होश में नहीं आ पाया। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

प्रदेश के सभी जिलों को एयर एंबुलेंस सुविधा दिलाने के लिए होगी पहल

मु यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर-बैंगलोर उड़ान के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्च्युअली जुड़े

संक्रांति पर्व पर प्रदेश को मिली नई सौगात

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयास यह है कि प्रत्येक जिले से एयर एंबुलेंस का संचालन हो, जिससे गंभीर रोगियों को अच्छे चिकित्सा संस्थानों में उपचार के लिए हवाई सुविधा का लाभ प्राप्त हो। हवाई सेवाओं से पर्यटन, व्यापार-वाणिज्य की गतिविधियों और अन्य समस्त आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि संभव होती है। इस दिशा में केन्द्र सरकार के प्रयासों के साथ राज्य सरकार भी अधिकतम प्रयास करेगी। मु यमंत्री डॉ. यादव सतना जिले के चित्रकूट में श्रीराम वनगमन पथ संबंधी बैठक से ग्वालियर से बैंगलोर और ग्वालियर से दिल्ली और अयोध्या के बीच नई हवाई सेवाओं के शुभारंभ कार्यक्रम से आज वुर्चअली जुड़े। मु यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि नई विमान सेवाओं से ग्वालियर अंचल के साथ ही प्रदेशवासी उत्तर और दक्षिण भारत से एयर कनेंटिविटी की सुविधा प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के ग्वालियर, स्व.

माधवराव सिंधिया की भूमि ग्वालियर और वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के कर्म क्षेत्र के निवासियों को मकर संक्रांति पर्व पर नई सौगात प्राप्त हो रही है। ग्वालियर में 500 करोड़ रूपए की लागत से विमानतल के उन्नयन की पहल ऐतिहासिक है। यह कारवां चलता रहेगा। प्रदेश की विभिन्न हवाई पट्टियों के उन्नयन का कार्य भी हो रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मध्यप्रदेश को निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर भारत में प्राचीन काल में पुष्पक विमान के प्रयोग का स्मरण करते हुए भगवान श्रीराम का भी उल्लेख किया, जिन्होंने उत्तर से दक्षिण की यात्रा की। भगवान श्रीकृष्ण ने पूर्व से पश्चिम की यात्रा की। इसमें पूरा देश समाहित हो जाता है। इन महापुरूषों ने भारतीय संस्कृति का परचम लहराया। आज मध्यप्रदेश का ग्वालियर, हवाई मार्ग से अयोध्या से जुड़ा है, यह किसी अलौकिक दृश्य के समान है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प और मु यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है नई उड़ानें - श्री सिंधिया

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि त्यौहारों की बेला में नई हवाई सेवाओं को प्रारंभ करने का शुभ कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मध्यप्रदेश और ग्वालियर भी बदल रहा है। मु यमंत्री डॉ. यादव भी ग्वालियर के विकास के लिए प्रयासरत हैं। ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष की गतिविधियों के अवलोकन के लिए आए थे। आज प्रारंभ हुई ये उड़ानें व्यवसाय-वाणिज्य और पर्यटन में वृद्धि कर अर्थव्यवस्था को नई शक्ति प्रदान करेंगी। भारत की आध्यात्मिक और आर्थिक शक्ति का संगम हो रहा है। इससे हमारा देश विश्व पटल पर उभर कर आएगा। ग्वालियर से नई विमान सेवाओं के प्रारंभ होने से यात्री दक्षिण भारत और आई.टी. की राजधानी तक और केन्द्रीय राजधानी के साथ ही रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या तक पहुंच सकेंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि नई हवाई सेवाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के संकल्प और मु यमंत्री डॉ. यादव की सकारात्मक सोच का संगम है। ग्वालियर में विमानतल को आधुनिकतम स्वरूप देने के साथ ही प्राचीन संस्कृति और इतिहास की झलक प्रस्तुत करने का कार्य भी हुआ है। प्रधानमंत्री जी अधोसंरचना के विकास पर जोर देते हैं। लगभग सवा वर्ष की अवधि में ग्वालियर विमानतल से जुड़े कार्य स पन्न हो रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इंदौर से यूएई, शारजाह के लिए हवाई सेवाओं और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से एयर कनेंटिविटी बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। विमान सेवाओं के शुभारंभ अवसर पर अन्य अनेक जनप्रतिनिधि भी देश और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से वर्चुअली शामिल हुए।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन अब 25 जनवरी तक

सिवनी यशो- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनातर्गत किसी कारणवश छात्रवृत्ति आवेदन नहीं किया गया था। ऐसे समस्त विद्यार्थियों के लिए MPTAAS Portal पर शैक्षणिक वर्ष 2022-23 हेतु नवीनएवं नवीनीकरण आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों हेतु 26जनवरी से 25.फरवरी तक आवेदन लिंक खोले जाने हेतु प्रावधान किये गए है।

पीएम यशस्वी योजना अंतर्गत अब आवेदन 31 जनवरी तक

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण सिवनी द्वारा बताया गया कि ओबीसी, ईबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार की ÷पीएम यशस्वी योजना÷ अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन एन.एस.पी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। आवेदन की अंतिम तिथी 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई थी जिसे भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आवेदन करने की अंतिम दिनांक 31.01.2024 कर दी गई है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेने आवेदन कर सकते है। सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय के प्राचार्य विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करेंगे। पात्रता संबंधी जानकारी एन. एस.पी पोर्टल पर उपलब्ध है। पात्र विद्यार्थियों निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

मु यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक स्वरोजगार उद्यम योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण सिवनी ने बताया कि शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक वर्ग के युवा युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु मु यमंत्री उद्यम योजना एवं मु यमंत्री स्वरोजगार योजना संचालित है। जिसके तहत 10 हजार से 50 लाख तक स्वरोजगार हेतु आवेदक / हितग्राहियों के द्वारा सेवा/उद्योग/ व्यवसाय के लिए आवेदन किये जा सकते है। हितग्राहियों को इकाई लागत का 03 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा दी जायेगी। आवेदक द्वारा एम0पी0 ऑनलाईन के स्ड्ढद्धड्डह्य क्चह्लड्डह्य के माध्यम से आवेदन पत्र आनलाईन किया जाना हैं। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग सिवनी से संपर्क कर सकते हैं।

जिले के ग्रामवार-वार्डवार किया जा रहा "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का आयोजन

सिवनी यशोः- बुधवार 17 जनवरी 24 "विकसित भारत संकल्प यात्रा" बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पांडरवानी एवं बिरहोली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बालपुरमाल एवं ईश्वरपुर, केवलारी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चिरचिरा एवं पिपरियाकला, कुर्रु विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोंडेगांव एवं छीतापार, लखनादौन की ग्राम पंचायत बगलई, माठादेवरी, भरदा एवं बंजारी पहुंची। गुरूवार 18 जनवरी 24 "विकसित भारत संकल्प यात्रा" बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दौदीवाडा एवं सरेखाखुर्द, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खमरिया एवं मडवा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सरेरा एवं पथरी, केवलारी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ग्वारी (घंसौर), घंसौर, कुर्रु विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लावेसर्रा एवं बकोडी, लखनादौन की ग्राम पंचायत चाराग्रांव एवं सिहोरा पहुंचेगी।

उल्लेखनीय हैं कि केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से स पूर्ण प्रदेश में "विकसित भारत संकल्प यात्रा" संचालित की जा रही है। यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभांवित किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र भ्रमण के दौरान जाना नवीनतम एग्रीकल्चर नवाचार

सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में कृषि आदान विक्रेताओं के लिए आत्मा परियोजना सिवनी के अंतर्गत एक वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर ऐ सटेंशन फॉर इनपुट डीलर (देशी) के प्रशिक्षार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा केंद्र में संचालित कृषक हितेषी विभिन्न जानकारी प्रदान की गई, इस दौरान फसल संग्रहालय का भ्रमण कराया गया जहां पर रबी मौसम फसलों की विभिन्न प्रदर्शन प्लॉट का अवलोकन के साथ उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया साथ ही केंद्र में संचालित पशुपालन इकाई, केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, अजोला उत्पादन इकाई, प्राकृतिक खेती अंतर्गत गेहूं एवं चने के प्रक्षेत्र का भ्रमण, प्रजनक बीज उत्पादन के अंतर्गत चने की जे. जी.- 24 किस्म एवं गेहूं फसल के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर केंद्र के ईंज. कुमार सोनी ने कृषि में नवीनतम यंत्रों की जानकारी के साथ ह्वि ड्रिप एवं स्प्रिंकलर इरिगेशन की उपयोगिता पर बताया, इस महत्वपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आत्मा परियोजना के डॉ. अखिलेश कुल्हाडे जी की उपस्थिति रही।

बालपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये कले टर सिंघल

हाईस्कूल बालपुर का भी किया निरीक्षण

बुधवार 17 जनवरी को कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने घंसौर विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कले टर श्री सिंघल ग्राम बालपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुये। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों से उपस्थितजनों को अवगत कराने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना का लाभ प्राप्त करने संबंधित विभाग के स्टॉल में संपर्क कर औपचारिकताऐं पूर्ण करवाने की अपील की। उन्होंने मैदानी अमले को भी निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही

पात्रतानुसार योजना के लाभ से न छूटे यह सुनिश्चित किया जाये। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्री चंद्रशेखर चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, घंसौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

कले टर श्री सिंघल ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालपुर का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शाला की शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुये अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से भी चर्चा की। उन्होने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

90 वर्षीय वृद्धा ने रखा सिर पर अक्षत कलश

सिवनी यशोः- अयोध्या में विराजित होने जा रहे हैं रामलला के दरबार से पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा गांव- गांव में निकाली जा रही है। इसी कड़ी में राजपूत कॉलोनी टैगोर वार्ड सिवनी में भी अक्षत कलश यात्रा निकाली गई ।इसी दौरान 90 वर्षीय वृद्धा एवं सेवा निवृत्त शिक्षिका श्रीमती रमादेवी सोनी घर से बाहर निकल कर अक्षत कलश अपने सिर पर धारण किया और शोभा यात्रा का हिस्सा बनी। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन आज धन्य हो गया ।मुझे इस दिन का वर्षों से इंतजार था। उल्लेखनीय होगा कि श्रीमती रामादेवी बहुत ही धार्मिक महिला है एवं राजपूत कॉलोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर के निर्माण में उनकी प्रमुख भूमिका रही है।

आंगनवाडी कार्यकर्ता-साहिका पद के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- एकीकृत बाल विकास परियोजना बरघाट जिला सिवनी म.प्र. अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र इंदौरी कमांक 02 में आंगनवाडी कार्यकर्ता के पद हेतु सुश्री ज्योतेश्वरी उके आंगनवाडी केन्द्र स्कूल टोला बिरहौली में सहायिका पद हेतु कु0 हेमलता मुर्खे एवं आंगनवाडी केन्द्र साल्हेखुर्द गुर्रा में सहायिका पद हेतु श्रीमती किरण मण्डाले को विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति के द्वारा अनन्तिम रूप से चयन किया है। उक्त संबंध में अन्य आवेदक दावे / आपत्ति मय दस्तावेज/ तथ्य के साथ दिनांक 09.01.2024 से दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बरघाट जिला सिवनी म.प्र. में कर सकते है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए पूर्व केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह

विकसित संकल्प यात्रा का निकाला जाना यह प्रतीक माना जाए भारतीय जनता पार्टी मोदी की योजनाएं अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना है - राकेश पाल सिंह

पलारी यशोः- 17जनवरी दिन बुधवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मंडल पलारी के ग्राम पिपरिया कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सामिल होकर सर्वप्रथम पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का पूजन किया।इसके पश्चात विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कन्या पूजन किया।बच्चों के द्वारा स्वागत गीत से संकल्प यात्रा में पहुँचे अतिथियों का स्वागत किया किया।इसके पश्चात भजन मंडली

द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, रासन कार्ड आदि का वितरण पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने किया।विकसित भारत संकल्प यात्रा में संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा देश का विकास करना हो तो समस्त गांवो का विकास करना होगा।इस यात्रा का मकसद सभी तक शासकीय योजनाओं को ग्रामों में निवासरत लोगों तक पहुचाना हैं।हर व्यक्ति तक पक्का मकान हो प्रधानमंत्री आवास मिल सके, हर व्यक्ति अच्छे से अच्छा ईलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में करवा सके आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चांद तक पहुँच गया है।आज चंद दिनों पहले भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सबसे बड़े समुद्र में बने पुल का उद्घाटन किया।यह विकसित भारत का चित्र हैं।भारत ने सबसे पहले वॉर सन का निर्माण किया और अन्य देशों को भी दिया।यह विकसित भारत की सही परिकल्पना हैं।इस कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रणजीत ठाकुर जी,जनपद सदस्या श्रीमती आशा डहेरिया जी,मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार ठाकुर जी,भवन ठाकुर जी,अंकित ठाकुर जी,प्रकाश ठाकुर जी,नीलेश ठाकुर जी,भोजेलाल ठाकुर जी,गज्जू ठाकुर जी,प्रकाश राय जी,संदीप सोनी जी,राजेंद्र सोनी जी,जागेश्वर ठाकुर जी,मधु ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओ,ग्रामीण जनों,समस्त विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

पीजी कालेज सिवनी में ड्राईविंग लायसेंस शिविर का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- म.प्र. शासन उच्चश शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताहह के अंतर्गत परिवहन विभाग के सहयोग से दिनांक 16-01-2024 को शासकीय स्नातकोत्तुर महाविद्यालय सिवनी में ड्राईविंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया । परिवहन विभाग सिवनी के तुलसीराम सोलंकी,गगन विश्विकर्मा, राहुल कोल एवं युनूस खान ने प्रोजे टार के माध्य्म से किस प्रकार लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन किया जाता है तथा लर्निंग लायसेंस की परीक्षा से संबंधित विस्तृकत जानकरी छात्र-छात्राओं को प्रदान की । इस शिविर में 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया । निश्चित

रूप से यह शिविर विद्यार्थियों के लिये उपयोगी साबित हुआ । विद्यार्थियों ने लायसेंस प्रक्रिया के संबंध में ध्यानपूर्वक सुना एवं आधे से अधिक विद्यार्थियों ने तुरंत ही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किय । आज के शिविर को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.ए.के.चौरसिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मानसिंह बघेल, प्रो. अनिल बिंझिया, प्रो.सोहनलाल बिरनवार, ओ.पी.जैन एवं रघुनाथ नागले का विशेष सहयोग रहा ।

द्वितीय सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ

सिवनी यशोः- महाकालेश्वर बोरधई में भारत स्काउट गाइड राजय मु यालय के निर्देशानुसार जिला संघ सिओनी द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया इस शिविर में 115 स्काउट तथा 16 गाइड हिस्सा ले रही है जिसमें जिले के लगभग 20 विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों के साथ स्काउट गाइड शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान कर रहे हैं इस शिविर के शिविर संचालक स्काउट विभाग विजय शु ला है तथा गाइड विभाग श्रीमती सायरा बानो कुरेशी हैं सहयोगी के रूप में श्री अमित कुरेशी श्री राम नारायण राय श्री प्रीतम सिंह ठाकुर श्री जितेंद्र भगत श्रीमती पूनम सूर्यवंशी अपनी सहभागीता का प्रदान कर रहे हैं यह शिविर दिनांक 16 जनवरी 2024 से 20 जनवरी 2023 तक आवासीय रूप में संपन्न होगा इस शिविर का शुभारंभ ध्वज फहरा कर किया गया तथा प्रतिभागियों को विभिन्न टोलियों में विभाजित किया गया इस शिविर के मार्गदर्शक जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री शिव सिंह जी कु मरे की हैं आपके मार्गदर्शन में यह शिविर प्रारंभ हुआ है इस शिविर में वह ही छात्र हिस्सा ले रहे है जिन्होंने प्रथम सोपान परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की है इस शिविर में प्रायोगिक और लिखित परीक्षाएं संपन्न होगी जो छात्र इस जांच शिविर में सफल होंगे तृतीय सोपान में हिस्सा ले सकेंगे

कालेज चलो की टीम ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहरा पिपरिया में भ्रमण किया

सिवनी यशोः- उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिक्षण सत्र 2024- 25 मे प्रदेश के सभी कॉलेजों के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु 12 वीं उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सहायता के लिए आज दिनांक 16 जनवरी 2024 को कालेज चलो की टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहरा पिपरिया विकासखण्ड सिवनी जिला सिवनी में भ्रमण किया ।

जिले के अग्रणी महाविद्यालय सिवनी के प्राचार्य डॉ आर. एस. द्वारा गठित टीम के संयोजक डॉ मुन्ना लाल चौधरी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रदेश के समस्त कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से बी ए /बीएससी/बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जाना है। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत कॉलेज में

प्रवेश के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को मई 2024 के प्रायः द्वितीय सप्ताह में उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल 222. द्बश्चह्ड्ड1द्गह्यद्ध.द्बद्ध.द्बद्ध पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। ऐसे विद्यार्थी अपने निकट के कॉलेज में स्थापित हेल्प सेंटर, कियोस्क सेंटर, एमपी ऑनलाइन से या घर में उपलब्ध इंटरनेट के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के समय ही विद्यार्थी अपने पसंदीदा कॉलेज एवं विषय समूह अधिकतम 9 की च्वाइस इस दर्ज करेगा । प्रोफेसर जैन कुमार पंचेश्वर ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करवाने के पश्चात विद्यार्थी अपने विभिन्न दस्तावेजों का सत्यापन प्रदेश के किसी भी शासकीय कालेज में उपस्थित होकर करवाएगा विद्यार्थी द्वारा रजिस्ट्रेशन के दौरान दर्ज की गई जानकारी में वेरिफिकेशन के बाद परिवर्तन संभव नहीं होगा। अतः वेरिफिकेशन के पूर्व ही विद्यार्थी सावधानी पूर्वक सभी एंट्री चेक करे। रजिस्ट्रेशन एवं वेरिफिकेशन के बिना किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। डॉ. टी. पी. सागर ने बताया कि प्रदेश में संचालित कुछ अल्पसं यक कॉलेज ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं है जो विद्यार्थी इन कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक हैं उन्हें भी विभागीय पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय आवश्यक दस्तावेजों की सूची 10 वीं 12 वीं अंकसूची, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण, आय संबंधी प्रमाण पत्र इत्यादि आवश्यक है। प्रदेश में स्थित सभी शासकीय अशासकीय अनुदान प्राप्त कालेजों में उपलब्ध सीटों की सं या में समूह पाठ्यक्रम शुल्क आदि की जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.mphighereducation.nic.in से प्राप्त की जा सकती है श्रीमति निलेश्वरी बिसेन ने उच्च से उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी उपस्थित विद्यार्थी तथा शिक्षकों को प्रदान की। विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक अधिकारिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6268032742 / 9425843798 से संपर्क कर सकते हैं।

एस एल सी- स्टूडेंट लेड कांफ्रेश का गुरुकुल में हुआ शानदार आयोजन

स्टूडेंट लेड कांफ्रेस में शिक्षक के स्थान पर बच्चों ने किया अनेक विषयों का प्रजेंटेशन

पालकों ने अपनी क्लिज एवं लीड ऐप प्रेजेंटेशन में सहभागिता दर्ज की

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में गत दिवस स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने तरह तरह के विषयों के अनुरूप अपने मॉडल्स चार्ट्स पोस्टर्स गेटअप एवं थ्रैं टकल के माध्यम से संबंधित जानकारी शिक्षकों एवं पालकों के समक्ष प्रस्तुत किया। एस एल सी के इस कार्यक्रम में संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत, प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत तथा सह प्राचार्य नितेश गौतम, लीड

कॉर्डिनेटर भाव्या राजपूत, एकेडमिक कॉर्डिनेटर दीक्षा पटले, स्पोर्ट ऑफिसर निशाद खान एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के फाउंडर मेंबर कुंवर सिंह राजपूत एवं विष्णु प्रसाद साहू, पालक शिक्षक संघ से अनिरुद्ध तिवारी एवं अशफाक अंसारी, अखंड ज्योति प्राचार्य भगत सिंह ठाकुर एवं पूर्व पार्षद दुर्गेश नंदिनी ठाकुर मु य अतिथि की भूमिका में रहे। मंच संचालन श्रीमती दीपिका वर्मा एवं ऐव्या राजपूत द्वारा किया गया। संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत ने बच्चों के शानदार एवं प्रायोगिक प्रदर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों में स्किल एवं थ्रैं टकल ज्ञान होना अनिवार्य है, एसएलसी बच्चों को मंच प्रदान करने एवं प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु एक उपयुक्त कार्यक्रम है जिसमें बच्चे शिक्षक के साथ मिलकर नई सोच को विकसित कर सकते हैं। संस्था प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत ने कहा कि बच्चों में मंच के माध्यम से सामने आने एवं अपनी सोच को विकसित करने की क्षमता में लगातार परिवर्तन देखा गया है। बच्चों के अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न करने हेतु एसएलसी एक बेहतर कदम है।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के पूजन के साथ हुई। बच्चों द्वारा कार्यक्रम को लीड किया गया। स्टूडेंट लेड कांफ्रेंस में पालकों की उपस्थिति रही सभी पालकों ने समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है, इस हेतु बच्चों एवं शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पालकों ने एसएलसी के माध्यम से कहा कि बच्चों के साथ साथ संस्था के इस प्रयास से पालकों को भी सीखने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में बच्चों के साथ साथ पालकों ने भी क्लिज प्रतियोगिता में भाग लिया, संस्था द्वारा उन्हे प्राइज दिया गया, साथ ही गुरुकुल पब्लिक स्कूल की ओर से लीड बेस्ट परफॉर्मर्स, बेस्ट पैरेंट परफॉर्मर एवं लीड चैंपियनशिप में विजेता रहे विद्यार्थियों एवं पालकों को स मानित किया गया।

राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बुढ़ैनाकला स्कूल टीम का कले टर श्री सिंघल ने किया स मान

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2023 में जिले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ैनाकला विकास खण्ड बरघाट के विद्यार्थियों ने सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश में पहली बार प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया । इस विशेष उपलब्धि एवं विद्यालय के बच्चों ,शिक्षकों तथा विद्यालयों के प्रोत्साहन एवं प्रेरणा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे के नेतृत्व मे टीम के विद्यार्थी मीनाक्षी बिसेन, देवयांश चौधरी, प्रिंसी शरणागत, मार्गदर्शक शिक्षक रवि कटरे सहित विद्यालय के प्राचार्य एस डी मैकेंजी ,उपप्राचार्य आर के

राहंगडाले को कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा कले टर कार्यालय में स मानित किया गया।इस अवसर पर कले टर श्री सिंघल ने बच्चो और शिक्षकों से इस परीक्षा के बारे मे चर्चा की और मार्गदर्शन और प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि हेतु कले टर श्री सिंघल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे, प्राचार्य और शिक्षकों को बधाई दी।

श्री हनुमान चालीसा ग्रुप मध्य प्रदेश के तत्वाधान में श्री राम धुन चल समारोह पथ रैली का आयोजन

मंडला यशोः-. श्री हनुमान चालीसा ग्रुप मध्य प्रदेश के तत्वाधान में श्री राम धुन चल समारोह पथ रैली का आयोजन श्री हनुमान चालीसा ग्रुप द्वारा किया गया। 'राजेश कुमार सिंगरौरे' मंडला श्री राम लला मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में तथा श्री सूर्यकुंड धाम मंडला से श्री जामसांवली धाम सौंसरए छिंदवाड़ा तक की धार्मिक यात्रा के उपरांत दिनांक 16 जनवरी 2024 को दिन मंगलवार को श्री रेवा दरबार सिद्ध घाट मंडला से सूर्यकुंड धाम मंडल तक श्री राम धुन रैली का आयोजन किया गया। जिसके दौरान श्री सिद्ध घाट रेवा दरबार रिपटा मण्डला से प्रारंभ कर बैगा बैगी चौकए लालीपुरए बस स्टैण्डए चिलमन चौकए उदय चौकए झूला पुल से होते हुये श्री सूर्यकुण्ड धाम मण्डला पहुंचाए जहां पर पूजन अर्चन कर तथा प्रसादी वितरित कर समापन किया गया । श्री रामधुन चल समारोह पथ रैली का आयोजन श्रीहनुमान चालीसा ग्रुप ईकाई मण्डला के श्री रामप्रवेश बर्मनए तुषार भांगरेए अतिशय बर्मनए दीपक श्रीवासए आकाश कछवाहाए राजेश सिंगरौरेए राहुल धनगरए कैलाश नंदाए मनोज नंदाए अजय भांवरेए आनंद नंदाए नारी शक्ति प्रीति बर्मनए तेजवती मसरामए कमला बर्मन के साथ में अन्य सभी सदस्यों के द्वारा डॉण् हरिओम नंदा के निर्देशन में किया गया

थाना बिछिया पुलिस ने की केरल एवं महाराष्ट्र राज्य से 03 नाबालिक बालिकाओं और 01 युवती को ढुंढकर परिजनो से मिलवाया

मंडला यशोः- नाबालिक बालक बालिकाओं के दस्तयाबी हेतु पुलिस मु यालय द्वारा लगातार अभियान चलाय जा रहा हैं। चलाये जा रहें। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को गुमने की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं साथ ही चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत गुम बालक बालिकाओं के दस्तयाबी के हरसंभव प्रयास कर उनके परिजनों के सूपूर्द करने हेतु निर्देशित किया गया हैं। थाना बिछिया पुलिस द्वारा अभियान के तहत थाना बिछिया में प्राप्त अलग अलग गुमने की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिछिया मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे द्वारा अपहताध्गुमशुदा की तलास पतासाजी हेतु थाना बिछिया से

पुलिस टीम गठित कर सायबर सेल मण्डला से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर दस्तयाबी हेतु टीम सहायक उपनिरीक्षक धनपाल बिसेनए प्रण्आरण् अजीत परते को दिगर राज्य महाराष्ट्र ए केरल रवाना किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा थाना बिछिया के दो अलग अलग मामलों में महाराष्ट्रए नादेड एवं नागपूर महाराष्ट्र से नाबालिक 02 बालिकाओं को दस्याब किया गया। पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल से प्राप्त जानकारी के आधार पर केरल राज्य से थाना महाराजपुर के अपण्क्रण् 375Ŝ2023 में अपहृत नाबालिक बालिका को और थाना बिछिया के गुम इंसान क्रमांक 104Ŝ2023 को केरल राज्य के उद्यबनचोला से दस्तयाब किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुस्कान अभियान में 04 गुम बालिग एवं नाबालिग बालिकाओं को केरल एवं महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनो से मिलवाया गया। बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक मण्डला द्वारा इनाम की उद्घोषणा भी किया गया था। उक्त कार्य में एसडीओपी बिछिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें सउनि धनपाल बिसेनए प्रआर अजितए मआर माया टेकामए आर सूर्यचंद बघेलेए रूपेन्द्र लिल्हारे व सुरेश भटेरे सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना मवई के तहत ग्राम रहटाखेरो में कार्यक्रम का आयोजन

मंडला यशोः- मंडला पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन से उनकी समस्याओं से रूबरू होते रहते है साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती हैं। आज दिनांक 15ण्01ण्2024 को थाना मवई क्षेत्रांतर्गत ने सल प्रभावित ग्राम रहटाखेरो में पुलिस जन जागरूकता अभियान ष्मेरी पुलिस मेरी दोस्तष् ष्वातायात सासाहिक अभियानष् ष्सामुदायिक पुलिसिंगष् के तहत ग्रामीणों एवं स्कूल छात्र छात्राओं को थाना मवई पुलिसए हॉक फोर्स एवं स्टाफ द्वारा ग्रामवासियों को पुलिसिंग से संबंधित जानकारीए यातायात नियमों के साथ साथ नशामुक्ति अभियान के तहत शराब से होने वाले दुष्प्रभावए सायबर क्राइमए पुलिस सहयोगी समितिए ग्राम रक्षा समिति व अन्य जानकारी देकर ग्रामवासियों से पुलिस संबंधित मुद्दो पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों को जरूरत का सामान जैसे क बल एवं स्कूल छात्र छात्राओं को कॉपी पेनध् पेंसिल आदि का भी वितरण किया गया।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 18 को

मंडला यशोः- जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 18 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजनाए प्रधानमंत्री विश्वकर्माएं विकसित भारत संकल्प यात्राए कृषिए मत्स्य विभाग की योजनाए स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकलसेल एनीमियाए महिला बाल विकासए स्थायी समितियों की बैठक कार्यवाही वृत आदि योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

जनसुनवाई में कलेटर ने 75 आवेदकों की सुनी समस्याएं

मंडला यशोः-. जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेटर डॉण् सलोनी सिडाना ने विभिन्न क्षेत्रों के आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेटर ने सभी आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमटए अपर कलेटर राजेन्द्र कुमार सिंहए संयुक्त कलेटर अरविंद सिंहए

सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। सपत्र हुई जनसुनवाई में ग्राम देवगांव निवासी गिरधारी लाल झारिया ने संबल योजना का सत्यापन कराने के संबंध मेंए स्वामी सीताराम वार्ड मण्डला निवासी लीला ने ठेकेदार द्वारा काम से निकालने के संबंध मेंए बीजाडांडी निवासी पेमवती मरकाम ने शौचालय निर्माण के संबंध मेंए डॉण् अ बेडकर वार्ड मण्डला निवासी प्रियांशु ने अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाने के संबंध मेंए ग्राम जंतीपुर निवासी संतोष ने दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

अजेय मंडला पत्रिका प्रकाशन स्थानीय क्षेत्र के सामाज में एक अच्छी पहल. अभिनेता सोनू सूद

मंडला यशोः-. पिछले कुछ दिनों पहले बीएसवीपी द्वारा अजेय मंडला पत्रिका का प्रकाशन हुआ था जिसमें सामाज के अलग अलग विषयों पर महानुभावों के लेख विचार एवं सामाजिक गतिविधियों का लेख भी है मंडला के लिए एक गोरव का विषय हैं कि एक सामाजिक क्षेत्र में ऐसी संस्था जो अजय वंशकार के मार्गदर्शन पर लगभग सात वर्षो से काम कर रही है अजेय मंडला पत्रिका सामाज के जनजागरण को लेकर प्रत्येक

वर्ष प्रकाशित होती है जो सामाज के विभिन्न क्षेत्रों में साकारात्मक कार्यों और विषयों को पहुंचाने में कार्य करती है। मंडला के प्रत्येक व्यपारी किसान युवा विद्यार्थी जन प्रतिनिधि सामाज के हर बुद्धिजीवी वर्ग तक यह पत्रिका जाती है खास बात यह कि यह अजेय मंडला पत्रिका मु बई के जाने माने सामाज सेवी अभिनेता सोनू सूद जी ने भी अध्ययन किया और पत्रिका प्रकाशन की शुभकामनाए भी दी और मंडला के लिए बीएसवीपी द्वारा सामाज में एक अच्छी पहल पत्रिका का एक अच्छा माध्यम है ऐसी पर्शनल अजय वंशकार और संतोष कुमार मरावी से चर्चा की ।

हितग्राहियों ने बताए योजनाओं के माध्यम से जीवन में आए बदलाव के अनुभव

14 पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 जनवरी 2024 को बिछिया विकासखंड के खिरहनी एवं रामनगरए घुघरी में बहनी एवं देवहाराए मवई में बांदरबाड़ी एवं हर्राटोलाए मोहगांव में सुडगांव एवं देवगांवए नैनपुर में चिचौली एवं गुरवाड़ाए निवास में मोहपानी एवं जंगलिया रैयत तथा मंडला में छपरी सिलपुरी एवं बेछेरादौना पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिए संबंधित विभागों के अधिकारीए विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर सतत जारी कार्यवाही

सिवनी यशोः- कलेटर श्री क्षितिज सिंघल के आदेशों के आदेशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 08 जनवरी 2024 से 14 जनवरी 2024 तक वृत्त उत्तर में 14 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 89035/-रू. अनुमानित मूल्य की 54.88 ब.ली.मदिरा को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दक्षिण में 08 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 26.34 ब.ली. मदिरा एवं 3500 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 356602/-रू है।

रपटा घाट से निकाली गई कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी

मंडला यशोः- मण्प्रण् जन अभियान विकास परिषदए पतंजलि योग समितिए जिला योग आयोग समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण निर्मित करने हेतु कलश यात्राए प्रभात फेरीए धार्मिक स्थलों की स्वच्छताए दीपदान आदि गतिविधियों के आयोजन हेतु अभियान के रूप में कार्यक्रम करने के लिए आव्हान किया गया है। कार्यक्रम में नर्मदा के रपटा घाट से पड़ाव वार्ड राम मंदिर तक कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी निकाली गई एवं स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया। सर्वप्रथम जन अभियान परिषद के जिला प्रभारी राजेंद्र चौधरीए ब्लॉक समन्वयक संतोष झरियाए पतंजलि योग समिति से रामगोपाल पटैलए जिला योग आयोग समिति के जिला प्रभारी केण्डीण् दुबेए जन अभियान से मेन्टर रागिनी हरदहाए आशीष नामदेव द्वारा कलश एवं श्री राम की पूजन अर्चन पश्चात कलश एवं संगीतमय रामधुन यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी सं या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। यह यात्रा बैगा बैगी चौकए रेड क्रॉसए चिलमन चौक से होते हुए पड़ाव राम मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई।

पतिराम को 5 हजार रूपए की सहायता

मंडला यशोः- जनसुनवाई में ग्राम सेमरखापा निवासी पतिराम भारतीया ने कलेटर डॉण् सलोनी सिडाना के समक्ष आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेटर के निर्देश पर आवेदन पत्र की जांच कर संबंधित को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस संवेदनशील सहायता के लिए पतिराम भारतीया ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर राममय होगा नगर- नपाध्यक्ष भारती

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संकल्प के साथ भारत माता की आरती के साथ नपा में किया गया हल्दी कुमकुम का आयोजन, स्वच्छता का दिलाया गया संकल्प

बालाघाट। अयोध्या में जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो सैकड़ों वर्षो की प्रतीक्षा पूर्ण होगी, राम नगरी जगमग होगी उस दिन बालाघाट नगर में राममय होगा। उक्त बातें नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कही। नगर पालिका में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संकल्प के साथ हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम हुआ जिसमें हजारों की सँ या में महिलाओं ने पहुँचकर जहाँ एक-दूसरे को अखण्ड सौभाग्यवती होने की शुभकामनाएँ दी वहीं प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्ममय वातावरण में सुमधुर प्रभु भक्ति भजन गाये। भारतीय संस्कृति में किसी भी पर्व और त्यौहार को लेकर हिंदू परंपरायें और मान्यतायें जुड़ी हैं, वर्ष के पहले त्यौहार मकर संक्रांति के साथ से महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार हल्दी-कुमकुम भारतीय संस्कृति में महिलाओं के सौभाग्य का प्रतीक है। मकर संक्रांति पर सूर्य

के उत्तरायण होने के साथ ही प्रारंभ हुआ महिलाओं के सौभाग्य का यह पर्व विशेष महत्व रखता है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दिया जायेगा न्यौता

नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म के लिए भव्य श्रीराम मन्दिर अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का गौरवान्वित पल आया है जिसमें 22 जनवरी को भव्य समारोह होगा। प्रभु श्रीराम जिस तरह अयोध्या में वनवास के उपरांत पहुंचे थे वही क्षण करोड़ों आस्थावान देखेंगे। हमने अक्षत कलश यात्रा निकालकर घर-घर निमंत्रण दिया है। नगरपालिका कार्यालय में आयोजित हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में मातृशक्तियों का उत्साह दिखाई दिया है। जिन्हें भी इस शुभ पर्व पर अयोध्या में पहुंचने का न्यौता दिया गया साथ ही घर-घर दीप जलाकर प्रभु आगमन का हर्ष उत्साह के साथ मनाने का आग्रह किया गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि शहर को धर्म पताकाओं से सजायेंगे।

इसी कड़ी में 17 जनवरी को महिलाओं के सौभाग्य का प्रतीक हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का वृहद आयोजन नगरपालिका परिसर में किया गया। जहां पहुंची बड़ी सं या में महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगाकर नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने उपहार भेंट किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ भक्तिगीत भी गाये। इस अवसर पर सभी महिलाओं को मौसम बिसेन द्वारा स्वच्छता और नशामुक्ति का संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य एवं समृद्धि से गहरा संबंध है। स्वच्छता प्रगति की परिचायक हैं। हम सभी अपने घर, मोहल्ले, वार्ड एवं नगर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखकर अपने नगर को स्वच्छ और स्वस्थ्य बनाने में अपनी महती भूमिका निभाये। गीले और सुखे कचरे को अलग-अलग रखे। ना केवल स्वयं बल्कि अपने संपर्क में आने वालो को भी स्वच्छता के बारे में बताये। इस अवसर पर हजारों की सं या में पहुँची महिलाओं को हल्दी-कुमकुम लगाकर वान भेंट कर अभिवादन कर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में मातृशक्तियों के साथ ही पार्षद भारती पारधी, सरिता सोनेकर, संगीता कावरे, वंदना बारमाटे, श्वेता जैन, योगिता बोपचे, बीना वर्मा, रैना सुराना, संगीता थापा, लोहिना पंचेश्वर, खेमलता मरठे, अर्चना सोनी, सरिता उईके, गीता शर्मा सहित नगर की सभी सामाजिक, स्वयंसेवी संगठनों की महिलाओं के साथ ही स्वच्छता प्रहरी महिलाओं ने बड़ी सँ या में हिस्सा लिया ।

माता रमाई आ बेडकर जिवनी पर थ मज्ञान प्रतियोगीता का आयोजन

7 फरवरी को 2024 को होगा त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जंयती समारोह

बालाघाट। बोधिसत्व डॉ. बाबासाहाब की जीवन संगीनी माता रमाई आंबेडकर जिनके समर्पित त्याग एवं बलिदान के कारण ही बाबासाहब ने समस्त देश को संवैधानिक अधिकार प्रदाय किये, आधुनिक भारत का निर्माण कीये मानवता वादी बौद्ध धम दिया। ऐसी माता रमाई का जंयती समारोह 7 फरवरी को स्थानीय समता भवन बुढी वार्ड न.13 बालाघाट म.प्र. में सुबह आयोजन किया गया है।

इस समारोह के मु याअतिथि संस्था के प्रदेश अध्यक्ष चरनदास ढेंगरे जी मु य आतिथ्य में ,मु य वक्ता आद. अविन्द्र ताई वाघमारे, राज्य संघटक एवं वरिष्ठ केन्द्रिय शिक्षका महाराष्ट्र राज्य, प्रमुख वक्ता राजेश पाटिल प्रदेश सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक म.प्र.छिन्दवाडा,प्रमुख अतीथी महेश सहारे प्रमुख अतिथी आदिवासी गोवारी समाज म.प्र. बालाघाट एवं हाजी शाहेब खान संयोजक राष्ट्रीय मुस्लीम बहुजन एकता मंच, समारोह की अध्यक्षता एस.एल. रंगारे जिलाध्यक्ष बोध्दाचार्य एवं माजी श्रामनेर बालाघाट होंगे। विशेष अतिथी के रुप मे आर.के कठाने प्रदेश सचिव, राजकपूर कामडे प्रदेश कार्या सचिव,हेमलता डोंगरे प्रदेश उपा.,प्रमीला चौहान जिला कोषाध्यक्ष, जिला उपा.- शैलेष सुखदेवी- देवानंद रंगारे,- खुशीयाल मेश्राम-मंजूताई सुर्यवंशी,साधना ढेंगरे केंद्रीय शिक्षीका एवं डीओ समता सैनिक दल, शीलरत्न बंसोड ह्या.ह्या.स्त्र प्रभारी ,जिला सचिव-के.के.भालाधरे सर-कविता वासनिक - देवेन्द्र रंगारे बालाघाट, पुरनलाल मेश्राम, विकास खांडेकर तह. उपा. तहसील अध्यक्ष -गणेश मंडलेकर परसवाडा- चन्द्रशेखर रामटेके बालाघाट-दुरेन्द्र सावनकर किरनापूर, आर डी बनसोड -वारासिवनी आर डी देशभरतार- बैहर एवम सभी तहसीलो के अध्यक्ष/ महासचिव विशिष्ठ अतिथियों के रूप में शामिल रहेंगें।

जयंती समारोह के ही दिन माता रमाई ,बाबासाहाब आंबेडकर एवं दि बुद्धिस्ट सोसायटी आर्फ इंडिया पर आधारित ध म,ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए व्यवस्थापक समिति के प्रमीलाताई चौहान कोषाध्यक्ष मो. 9754010224 साधनाह्लड्डं ढेंगरे डी ओ. समता सैनिक द्रष्ठा मो. 9301708931, चन्द्र शेखर रामेर के तह. अध्यमक्ष बालाघाट मो. 8319678418, अभिराज मेश्राम तह. महासचिव वारासिवनी, खुशीयाल मेश्राम उपा.8109183746, विकास खांडेकर तह. उपा. बालाघाट मों. 9630896100 से सपर्क कर सकते है प्रतियोगिता में प्रथम, दितीय, एवं तृतीय आने वाले को प्रथम 2500/- ,1500/1000/प्रति रहेगा एवं मंचीय समारोह समापन के बाद एवं भोजनदान के पहले पुरस्कार वितरण किया जायेंगा। अतः उक्त समारोह एवं प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी जिलेवासियों से अपिल जाती है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैंगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297